प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 08.06.2026 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- प्रदेश से राज्यसभा की तीन सीटों पर चुनाव के लिए नामांकन भरने का आज अंतिम दिन।
- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा– शिक्षित, कुशल और प्रौद्योगिकी से सम्पन्न युवा विकसित भारत 2047 की सबसे बड़ी ताकत हैं।
- राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने 21 मई को होने वाली नीट–यूजी की पुनः परीक्षा के लिए शहरों की सूचना जारी की।
- प्रदेश में बीते कई दिनों से जारी आंधी–बारिश की गतिविधियां आज से थमने की संभावना–पश्चिमी जिलों में हीटवेव चलने का अलर्ट।

00000

प्रदेश से राज्यसभा की तीन सीटों पर चुनाव के लिए नामांकन भरने का आज आखिरी दिन है। दोपहर तीन बजे तक उम्मीदवार अपने नामांकन विधानसभा में जमा करा सकेंगे। दोनो प्रमुख पार्टियां भाजपा और कांग्रेस, सीटों पर जीत के आधार पर अपने–अपने प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। भाजपा ने वरिष्ठ नेता सतीश पूनिया और अलका गुर्जर को उम्मीदवार बनाया है। वहीं कांग्रेस की ओर से नीरज डांगी प्रत्याशी घोषित किये गये है। नामांकनों की कल जांच की जाएगी। 11 जून को अभ्यर्थी अपना नाम वापस ले सकेंगे और आवश्यकता होने पर 18 जून को मतदान होगा। गौरतलब है कि राजस्थान से राज्यसभा के लिए तीन सदस्य निर्वाचित होने हैं। भाजपा के रवनीत सिंह बिट्टू और राजेन्द्र गहलोत तथा कांग्रेस के नीरज डांगी का कार्यकाल 21 जून को समाप्त हो रहा है।

0000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि विकसित भारत 2047 का सपना जनभागीदारी, नवाचार, उद्यमिता और सामूहिक संकल्प के माध्यम से ही साकार हो सकता है। नई दिल्ली में एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत के विकसित राष्ट्र बनने की यात्रा समावेशी विकास, सामाजिक उत्तरदायित्व और सक्रिय नागरिक भागीदारी द्वारा निर्देशित होनी चाहिए। युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए श्री बिरला ने कहा कि शिक्षित, कुशल और प्रौद्योगिकी से सम्पन्न युवा विकसित भारत 2047 की सबसे बड़ी ताकत हैं। उन्होंने युवा पीढ़ी से नवाचार, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और उभरती प्रौद्योगिकियों को अपनाने का आग्रह किया।

00000

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा है कि भारत की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था अगले सात से आठ सालों में बढ़कर लगभग 45 अरब डॉलर तक पहुंच सकती है। यह अर्थव्यवस्था वर्तमान में 9 अरब डॉलर की है। श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में अंतरिक्ष क्षेत्र में दृष्टिकोण को लेकर जो बदलाव आया है, वह बड़ी उपलब्धियों में से एक है। उन्होंने कहा कि यह बदलाव छोटे शहरों से आने वाले सिविल सेवा परीक्षा के टॉपर्स की बढ़ती संख्या में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है।

00000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज एक संस्कृत सुभाषितम साझा किया। इसमें कहा गया है कि प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर समस्त प्राणियों का कल्याण करना हमारी संस्कृति का मूल तत्व रहा है। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि इसी व्यापक दृष्टिकोण के साथ भारत आज निरंतर प्रगति और समृद्धि के पथ पर अग्रसर है।

...........

0000

भारत–पाक अंतर्राष्ट्रीय सीमा से सटे क्षेत्रों में राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत बनाने के उद्देश्य से अवैध निर्माणों और अतिक्रमणों के खिलाफ व्यापक कार्रवाई की जायेगी। केंद्र सरकार के निर्देशों के बाद सीमान्त जिलों में प्रशासनिक और सुरक्षा एजेंसियां सक्रिय हो गई हैं। सरहदी जिले जैसलमेर की जिला कलेक्टर अनुपमा जोरवाल ने बताया कि सीमा से सटे क्षेत्रों में अवैध निर्माणों का सर्वे कर उनका रिकॉर्ड तैयार किया

जाएगा। उन्होंने बताया कि हाल ही में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के राजस्थान दौरे के दौरान सीमा सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर विशेष चर्चा हुई थी।

-----

00000

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने 21 मई को होने वाली नीट–यूजी 2026 की पुनः परीक्षा के लिए शहरों की सूचना जारी कर दी है। देश–विदेश के पांच सौ छियासठ शहरों में एक पारी में दोपहर दो से शाम सवा पांच तक ये परीक्षा ली जायेगी। एनटीए की जानकारी के अनुसार पंजीकृत उम्मीदवार अब अपने आवेदन संख्या और पासवर्ड का उपयोग करके आधिकारिक वेबसाइट पर लॉग इन कर अपने आवंटित परीक्षा शहर की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। गौरतलब है कि बीती तीन मई को आयोजित नीट परीक्षा को पेपर लीक के चलते निरस्त कर दिया गया था।

0000

जयपुर विकास प्राधिकरण की ओर से राजधानी में चलाये जा रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान को देखते हुए जयपुर पुलिस और जिला प्रशासन सतर्क मोड पर आ गया है। प्रशासन ने कानून–व्यवस्था बनाए रखने के लिए सख्त कदम उठाए हैं। विभिन्न संगठनों की ओर से संभावित विरोध–प्रदर्शन तथा सोशल मीडिया के जरिये सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की आशंका को देखते हुए जयपुर पुलिस आयुक्तालय क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू की गई है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त डॉ. राजीव पचार द्वारा जारी किये गये आदेश के अनुसार कमिश्नरेट क्षेत्र में सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना किसी भी प्रकार की रैली, जुलूस, धरना, प्रदर्शन या सभा आयोजित नहीं की जा सकेगी। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों पर हथियार, लाठी और डंडा, लेकर चलने पर भी रोक रहेगी। प्रशासन, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के जरिये भड़काऊ, भ्रामक या सांप्रदायिक सौहार्द प्रभावित करने वाली सामग्री के प्रसारण पर भी नजर बनाये हुए है। इस बीच आज जिला प्रशासन ने एहतियातन जयपुर कमिश्नरेट क्षेत्र में आज रात 12 बजे तक मोबाईल इंटरनेट सेवायें बंद कर दी है।

0000

प्रदेश में बीते कई दिनों से जारी आंधी–बारिश की गतिविधियां आज से थम जाने की संभावना है। मौसम विभाग के जयपुर केन्द्र के अनुसार आज से 11 जून तक तापमान में बढोतरी होने और पश्चिमी जिलों में हीटवेव चलने का पूर्वानुमान है। इस दौरान अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक रह सकता है। इस बीच पिछले 24 घंटों में प्रदेश के 11 शहरों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया। श्रीगंगानगर, 44.8 डिग्री सेल्सियस के साथ प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा। वहीं बीकानेर सहित प्रदेश के कुछ शहरों में हल्की बारिश दर्ज की गई। अजमेर में भी कई जगह पश्चिमी विक्षोभ के चलते देर रात धूल भरी आंधी के बाद मूसलाधार बारिश हुई।

-----

0000

प्रदेश में हाल ही के आंधी, तूफान से क्षतिग्रस्त हुए विद्युत तंत्र को सुचारू करने के लिए सभी विद्युत वितरण निगम मिशन मोड पर काम कर रहे है। जोधपुर डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक डॉ. भंवर लाल डेलू ने बताया कि सरहदी और पश्चिमी जिलों में विद्युत आपूर्ति की समीक्षा के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए है। इस बीच डिस्कॉम के उच्चाधिकारियों ने जैसलमेर जिले के फतेहगढ़, चाँधन और आस–पास के ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति की समीक्षा की। प्रबंध निदेशक ने क्षेत्र के उपभोक्ताओं, ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों से संवाद कर बिजली की शिकायते सुनी और शीघ्र निपटारा का आश्वासन दिया।

0000

जयपुर विधुत वितरण निगम ने बिजली चोरी पर अंकुश लगाने के लिए भरतपुर में कल विशेष अभियान चलाकर करीब 14 लाख रुपये का जुर्माना वसूला। जयपुर डिस्कॉम के अधीक्षण अभियंता के निर्देशन में जिला मुख्यालय सहित उच्चैन, छोंकरवाडा, वैर, बयाना, रूपवास में ये कार्रवाई की गई।

0000

राज्य सरकार द्वारा गेहूं खरीद लक्ष्य में बढोतरी किए जाने से किसानों को राहत मिली है। इंदिरा गांधी नहर क्षेत्र के जिलों में किसान सरकार के इस फैसले से उत्साहित है और मंडियों में गेहूं बेचान के लिए पंहुच रहे है। हनुमानगढ़ के अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामरतन सौंकरिया ने बताया कि जिले का कुल गेहूं

खरीद लक्ष्य बढ़कर 8.75 लाख मीट्रिक टन हो गया है। उन्होंने बताया कि लक्ष्य के अनुरूप जिले ने पिछले सभी सालो के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद की है।

0000

मानसून से पहले मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया जैसे मच्छरजनित रोगों की रोकथाम के लिए चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग द्वारा इन दिनों तैयारियां की जा रही है। विभाग द्वारा जून महीने को एंटी मलेरिया माह के रूप में मनाया जा रहा है। अभियान के तहत मच्छरों के प्रजनन स्थलों को नष्ट करने के साथ–साथ आमजन को जागरूक करने के लिए व्यापक स्तर पर गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 जून को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 135वीं कड़ी होगी। इसके लिए श्रोता अपने सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेज सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 26 जून तक स्वीकार किए जाएंगे।

0000